कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल बड़वाह, जिला – खरगोन (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक–कार्यालय–(07280) 222154 ई मेल dfotbwaha@mp.gov.in

क्रमांक / मा.चि. / 2025 / 593 बडवाह, दिनांक 27.1.2025

प्रति,

परियोजना निदेशक,
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण,
परियोजना क्रियान्चयन इकाई, खण्डवा
मध्यप्रदेश

विषयः– खरगोन जिले के बडवाह वनमण्डल में इन्दौर–एदलाबाद (धनगांव से बोरगांव सेक्शन) के फोरलेन निर्माण / चौडीकरण हेतु 3.20 हेक्टेयर वनभूमि (पूर्व में आवेदित 4.138 हे.) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, खण्डवा को उपयोग पर देने बाबत्। (ऑनलाईन प्रकरण क्र./FP/MP/ROAD/152561/ 2022)

संदर्भः– 1. भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के पत्र दिनांक 08.07.2024

2. वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल खण्डवा का पत्र कमांक / मा.चि. / 2025 / 68 खण्डवा, दिनांक 07.01.2025

---000---

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि संदर्भित पत्र कमांक 01 के द्वारा भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिर्वतन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के पत्र दिनांक 08.07.2024 के द्वारा अधिरोपित शर्तो के अनुक्रम में इन्दौर–एदलाबाद (धनगांव से बोरगांव सेक्शन) के फोरलेन निर्माण / चौडीकरण के लिए वनमण्डल बडवाह की 3.20 हे. आरक्षित वनभूमि उपयोग की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल खण्डवा के संदर्भित पत्र के द्वारा लेख किया गया है कि वनमण्डल बडवाह की प्रभावित 3.2 हेक्टेयर वनभूमि उपयोग के बदले वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु कलेक्टर खण्डवा के आदेश कमांक / 18502 / वाचक कले. / 2024 दिनांक 17.12.2024 के द्वारा तहसील छैगांवमाखन ग्राम मोघट की शासकीय भूमि खसरा नंबर 291, रकबा 376.350 हेक्टेयर में से पैकी रकबा 3.20 हेक्टेयर वन विभाग को वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु आवंटित की गई है। जो कि वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त नहीं पाई गई है।

परिक्षेत्र सनावद में दुगुने बिगडे वनक्षेत्र कक्ष कमांक 290 रकबा 6.5 हेक्टेयर पर क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण योजना वर्तमान दैनिक मजदूरी दर पर तैयार की जाकर मुख्य वन संरक्षक खण्डवा वृत्त खण्डवा के आदेश कमांक / व्यय / 2025 / 46 खण्डवा, दिनांक 27.01.2025 के द्वारा अनुमोदित की गई है।

अतः निम्नानुसार राशि ऑनलाईन चालान द्वारा जमा करावें तथा जमा की गई राशि का यू.टी.आर. नंबर एवं दिनांक इस कार्यालय को प्रेषित करें।

क्र.	मद	परिक्षेत्र	कक्ष कमांक	रकबा (हे.मे.)	राशि रूपये में	रिमार्क
1	क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण योजना की राशि	सनावद	290	6.50	11200872	केम्पा मद में ऑनलाईन चालान द्वारा जमा करावें।
2	क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण योजना की 10% पर्यवेक्षण शुल्क की राशि				1120087	एम.पी. ऑनलाईन ट्रेजरी के माध्यम से राजस्व मद 0406 वानिकी एवं वन्य जीवन (01) वानिकी (800) अन्य प्राप्तियां (0229) विविध प्राप्तियां में ऑनलाईन जमा करावें।

(अतिराम तिवारी)
भा.व.से.
वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल बडवाह

पृष्ठां.क्रमांक / मा.चि. / 2025 / 594 बडवाह, दिनांक 27.1.2025

प्रतिलिपिः–1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. मुख्य वन संरक्षक खण्डवा वृत्त खण्डवा की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल बडवाह

E/Hcl data/Indore-Edlabad/Letter 2022 (dhangaon)